हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



## पीवी 61 गांव में बिजली स्थापना दिवस मनाया विधायक विक्रम हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

विधानसभा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बलरामपुर के आश्रित गांव पीवी 61 में एक नई सुबह का सूरज 17 साल पहले 8 अगस्त 2008 को उगा था। यह वो दिन था जब आजादी के 61 साल बाद इस गांव में पहली बार बिजली पहुंची थी। उस समय के क्षेत्रीय विधायक, विक्रम देव उसेंडी के अथक प्रयासों से यह सपना साकार हो पाया था।

- आजादी के 61 साल बाद पीवी 61 में आई बिजली इसलिए ग्रामीण मनाते हैं उत्सव

पीव्ही 61 गाँव के ग्रामीण ऐतिहासिक दिन 8 अगस्त को बड़े धूमधाम से एक त्यौहार की तरह मनाया, जिसमें हर घर में खुशी का माहौल था और पूरा गांव रोशनी से जगमगा रहा था। विधायक विक्रम उसेंडी स्वंय ऐतिहासिक दिन को मनाने गांव वालों के साथ शामिल हुए और ग्रामीणों के साथ मिलकर इस यादगार पल का हिस्सा बने। गांव बिजली आने से न सिर्फ ग्रामीणों के जीवन में रोशनी आई थी, बल्कि विकास की नई राहें भी खुली थीं। बच्चों को रात में पढ़ाई करने का मौका मिला, घरों में पंखे और टेलीविजन चलने लगे, खेती किसानी में राहत और सबसे बढ़कर, गांव वालों को मुख्यधारा से जुड़ने का अहसास हुआ। 17 साल बाद 8 अगस्त 2025 को जब उसी तिथि में वर्तमान अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी परलकोट पहुंचे, तो पीवी 61 के ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इस अवसर पर पीव्ही 61 के ग्रामीण जयदेव विश्वास, विजय डे, संजय बढ़ई और विश्वजीत दास एवं अन्य ग्रामीणों ने विधायक का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से बिजली ने उनके जीवन को पूरी तरह से बदल दिया है। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि आज भी वह दिन उन्हें याद है, जब उनके गांव में पहली बार बल्ब जला था। उन्होंने कहा कि 17 साल बाद भी गांव की हर गली, हर घर रोशन है और इसका श्रेय विक्रम उसेंडी के उस ऐतिहासिक कदम को जाता है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कापसी अजय बाछाड़ ने बताया विधायक विक्रम उसेंडी के कार्यकाल में ना केवल पीवी 61 बल्कि परलकोट के कई गांवों में बिजली पहुंची थी। उनके द्वारा किए गए इन कार्यों को ग्रामीण आज भी सम्मान के साथ याद करते हैं। परलकोट क्षेत्र की यह घटना न सिर्फ एक गांव की कहानी है, बल्कि यह दर्शाती है कि किस तरह से एक जनप्रतिनिधि के प्रयास किसी क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदल सकते हैं। पीवी 61 के ग्रामीणों की खुशी और उनके द्वारा व्यक्त किया गया आभार इस बात का प्रमाण है कि विकास का हर कदम, हर प्रयास कितना महत्वपूर्ण होता है।

### खबर संक्षेप

## कन्या माध्यमिक विद्यालय में प्रथम बैठक आयोजित



**भानुप्रतापपुर।** कन्या माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में संस्था के प्रधान अध्यापिका अनीता ठाकुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विद्यालय स्तर पर प्रथम बैठक का आयोजन किया गया 1 आयोजित बैठक में घर का वातावरण, छात्र की दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति आय निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोजन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा, पास्को एक्ट 2012 का व्यापक प्रचार प्रसार करना, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक में पालकों ने शिक्षकों से सीधा संवाद करते हुए छात्रों की सतत प्रगति एवं माह जुलाई के मासिक मूल्यांकन के परीक्षाफल का अवलोकन किया और विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिस पर अमल करने के लिए शिक्षकों ने सहर्ष स्वीकार्य आश्वासन प्रदान किया। कार्यक्रम गिरवर कुलदीप, स्वप्निल जैन, सर्वेश गुप्ता, सतरूपा पुजारी, अनुराधा नूरेटी एवं अभिभावक उपस्थित रहें।

### लापरवाही : पूर्व विधायक ने रेत के अवैध उत्खनन, डंप और परिवहन पर जताई चिंता

# हाराडुला की तरह अंतागढ़ पुल के धसने की आशंका, रेत का अवैध उत्खनन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर


चारामा के हाराडुला पुल धसकने के बाद अंतागढ़ पुल के नीचे से जिस ढंग से अवैध रेत निकाली जा रही है, उससे भी अंतागढ़वासियों को चिंता सताने लगी है। क्षेत्र के लोगों का यह भी कहना है कि लगातार लौह अयस्क के वाहनों का गुजरने का भी दबाव पुल पर पड़ रहा है। इस मामले में संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो हाराडुला की तरह अंतागढ़ पुल भी धसक सकता है। इसे लेकर पूर्व विधायक अनूप नाग ने भी चिंता जताई है।

- दंडाधिकारी के आदेश के बाद भी रात में प्रतिबंधित मार्ग से जा रहे लौह अयस्क वाहन
- बीएसपी ट्रांसपोर्ट कंपनी पर नहीं लगा रही लगाम, बढ़ रही नाराजगी

हाराडुला पुल के नीचे से रेत निकालने के बाद जिस ढंग से पुल धसक गया, उसके बाद से जिधर भी अवैध रेत निकाली जा रही है, उधर चिंता सताने लगी है। सरोना में भी लोगों ने आक्रोश जताया है और अवैध रेत के उत्खनन पर रोक लगाने की माँग किया है, इसके बाद यह मामला अब अंतागढ़ से भी आने लगा है। अंतागढ़ पुल के नीचे एवं आसपास से लगातार हो रहे अवैध रेत उत्खनन को लेकर पुल पर पड़ रहे दबाव को लेकर अंतागढ़वासी भी चिंता करने लगे है, परंतु कई दबाव के चलते कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। अंतागढ़ के बुद्वजीवियों ने फोन करके बताया कि कढ़ईखोदरा में भी अवैध ढंग से रेत का डंप किया गया है, इसकी शिकायत खनिज विभाग को किया गया है, परंतु ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अवैध रेत का खेल पूरे जिलेभर में चल रहा है। रेल लाईन निर्माण में करोड़ो मैट्रिक टन रेत का उपयोग किया गया, जो बिना रायल्टी के निकाली गई। इसकी जाँच कर दी जाएं, तो बड़ी गड़बड़ी सामने आ सकती है।



### पुल कमजोर कभी भी हो सकती है दुर्घटना



पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि अंतागढ़ क्षेत्र के नदी से हो रहे अवैध रेत परिवहन का खेल बिना परमिट के अंतागढ़ क्षेत्र में स्थानीय नेताओं के सह पर फल फूल रहा है जिससे क्षेत्र का सड़क व पुल जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। हाल ही में चारामा क्षेत्र के ग्राम हाराडुला महानदी घाट पुल धसकने का उदाहरण देते हुए कहा कि अंतागढ़ नदी पर एक मात्र पुल निर्मित है जहा से ओवरलोड खनिज ट्रक व अब ओवरलोड रेत से भरा ट्रक के आवाजाही से नदी पुलिया का हालत जर्जर हो गया है। दूसरा कोई विकल्प रास्ता नहीं है, यह पुल काफी पुराना व पुरानी तकनीक से बना है जब ओवरलोड ट्रके गुजरती है तो पुलिया चरमराने लग जाती है। कभी भी अनहोनी घटना घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### रात में लौह अयस्कों का परिवहन

*अनुविभागीय दंडाधिकारी अंतागढ़ ने दंडाधिकारी की हैसियत से नियमानुसार लौह अयस्क के वाहन अंतागढ़ से ताड़ोकी होते हुए नहीं जा सकते है, ऐसा आदेश पारित किया था, इस आदेश को पालन करवाने के लिए तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को आदेशित किया था। दंडाधिकारी के द्वारा आदेश जारी किए जाने के बाद कई दिनों तक परिवहन बंद रहा है, परंतु देव माईनिंग और एनसी नाहर कंपनी के द्वारा स्थानीय परिवहन के सहयोग से रात को लौह अयस्क के खाली वाहन अंतागढ़ से ताड़ोकी मार्ग से नारायणपुर जा रहे है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुल की क्षमता नहीं है, उसके बाद भी ऐसे वाहनों को भेजा जा रहा है, जिसके चलते कभी भी गंभीर घटना हो सकता है।*

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

*जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू से अंतागढ़ में हो रहे अवैध रेत उत्खनन, अवैध डंप और अवैध परिवहन पर चर्चा किया तो उन्होने कहा कि इसकी शिकायत अभी तक नहीं आई है। इस मामले की जाँच करके संबंधितों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाएगा।*




मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. अरुण साव
मा. केदार कश्यप
मा. किरण देव
मा. भोजराम नाग
मा. विक्रम उसेंडी
मा. किरण नरेटी
मा. सतीश लाटिया
तारा ठाकुर
टेकेश्वर जैन
हीरा मरकाम
संजू गोपाल साहू
जीवन नेताम
यशवंत सुरोजिया
दिलीप जायसवाल
ब्रजेश चौहान
महेश जैन
कांकेर विधानसभा के लोकप्रिय
विधायक आदरणीय श्री
आशाराम नेताम जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
09 अगस्त
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
टेकेश्वर सिन्हा
विनीत : सरोना मंडल भाजपा जिला कांकेर
जीवेत शरदः शतम्
कांकेर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आदरणीय श्री
आशाराम नेताम जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
09 अगस्त
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
महेश जैन
जिला अध्यक्ष
नंद कुमार ओझा
भाजपा नेता
ओमप्रकाश साहू
हेम मंडावी
ढाल सिंह सिन्हा
परमानंद साहू
रामकुमार रायस्त
उमा शर्मा
जागेश्वरी भास्कर
प्यारेलाल देवांगन
गौतम लुंकड़
संतोष नाहर
खुशी जोतवानी
दिपांकर सिन्हा
महंत ताड़िया
जयश्री सिन्हा
अंजू सोनकर
संतोष ओझा
लोकेश सोनकर
उत्तम साहू
रजनी यादव
तुलसी कुंजाम
जगदीश साहू
मनोज जैन
दीपक सोनकर
अजय जगवानी
भोजराज सोनी
सुरेश सबनानी
आयुष श्रीवास्तव
करण निर्मलकर

खबर संक्षेप

## भाई बहन के प्रेम का पर्व रक्षा बंधन आज



**चारामा।** भाई बहनो के प्रेम का पर्व रक्षा बंधन आज 09 अगस्त को धुमधाम से मनाया जाएगा। रक्षाबंधन को लेकर नगर के सदर बाजार सहित दुकानों में रखियों का बाजार पुरी तरह से भरा हुआ है। रंग बिरंगी और चमकदार राखियों को खरीदने बहने दुकानों में पहुँच रही है। गुरूवार चारामा बाजार के दिन राखियों की दुकानों में महिलाओं और युवतियों की जमकर भीड देखी गई। बाजार में 05 रूपए से लेकर 2000 रूपए तक की फैंसी राखी आई हुई है। आज 09 अगस्त को पर्व मनाया जाएगा, जिसके लिए शुभ मुहुर्त सुबह 05 बजकर 47 मिनट से प्रांरभ होकर दोपहर 01 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। बाजारों में राखी के अलावा पुजा में उपयोग एंव राखी के दौरान दिए जाने वाले नारियल की डिमांड अधिक होने के चलते नारियल के रेट भी बढ गए है। हर मौसम में 20 रूपए बिकने वाला नारियल राखी पर्व पर 30 रूपए प्रति नगर तक बिक रहा है। वही कपडो और गिफट, सोना चाँदी के दुकानों में भी राखी पर्व के लिए भीड देखी जा रही है।

## शिक्षा जगत : शाला प्रबंध समिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

# हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत शिक्षक बच्चों को देंगे एक घंटे ज्यादा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पीएमश्री सेजेस स्कूल भानुप्रतापपुर में स्कूल प्रबंध समिति और शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा हमारा स्कूल का बेहतर संचालन और शिक्षा के मामले में अच्छा हो इसके लिए बच्चों, पालकों के साथ साथ शिक्षकों की मार्गदर्शन और सुझाव जरूरी है।

पालक बैठक में जो भी सुझाव शिकायत आया है उस पर सभी को मिलकर अमल करना है। सभी बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना है और बोर्ड परीक्षा के लिए कुछ छात्र-छात्राओं को विशेष मोटिवेट कर आगे बढ़ाना है। प्राचार्य पीआर भारद्वाज ने कहा अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षकों को अब एक घंटे बाद छुट्टी होगी इस एक घंटे में हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयारी के साथ विभिन्न ऑनलाइन जानकारी अपलोड आदि कर सकते है। बच्चों को होम वर्क मोबाइल के व्हाट्सएप में न देकर कक्षा में लिखवाएं। राजकुमार दुबे ने कहा स्कूल में दो पहिये वाहन में बच्चों को आना प्रतिबंध रहना चाहिए। स्कूल परिसर में कोई भी छात्र-छात्राएं न लाए, स्कूल के 1 सौ मीटर के दायरे में तंबाकू, गुटका आदि पर प्रतिबंध है। इसकी जानकारी रखे। बच्चों को मावा मोदोल में दिखाने के लिए ले जा सकते है। राहुल धुंने ने बच्चों में देश की आजादी कैसे मिली इस संघर्ष की कहानी की जानकारी होनी चाहिए। बैठक में प्रमुख रूप स सुमंत सिन्हा, पार्षद सुमित्रा साहू, राजिनदर रंधावा, संगीता टांडिया, सीता चंद्राकर, महेंद्र टांडिया सहित शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहें।



## पालक शिक्षक सम्मेलन में राखी बांधकर राखी का पर्व मनाया



**सरोना।** शासकीय पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम बालक प्राथमिक शाला सरोना में पालक शिक्षक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य विद्यालय, शिक्षक, पालक और विद्यार्थियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित संवाद को बढ़ावा देना रहा। सम्मेलन की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सेवक राम कोराम ने किया। प्रधान अध्यापक धनेश नेताम, सहायक शिक्षक कमल रामटेक, मनीषा साहू, योग शिक्षिका रूपा ठाकुर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय में मासिक जांच परीक्षा की समीक्षा, बच्चों की उपस्थिति, घर में अध्ययन के लिए सकारात्मक माहौल निर्मित करने पर चर्चा की गई। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और नशामुक्त वातावरण बनाए रखने, बच्चों के स्वास्थ्य, आचरण और अनुशासन पर विशेष बल दिया गया। पालकों को बच्चों पर सतत निगरानी रखने और मोबाइल की लत से दूर रखने जैसे मुद्दों पर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक भावनात्मक और सांस्कृतिक पहल करते हुए विद्यालय में राखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने अपने हाथों से सुंदर राखियाँ बनाईं और विद्यालय के बालकों को राखी बाँध कर भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा को सजीव किया। बच्चों ने इस आयोजन में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम न सिर्फ भाईचारे का प्रतीक बना बल्कि विद्यार्थियों में पारंपरिक मूल्यों के प्रति सम्मान और आत्मीयता भी जागृत किया। पालकों ने भी विद्यालय के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक और नैतिक मूल्यों का समावेश होता है।



## मेड़ों की बेटियों ने बीएसएफ के जवानों को बांधा रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

मेरा देश, मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी से संबद्ध शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़ों की छात्राओं ने सीओबी कोड़ापाखा स्थित सीमा सुरक्षा बल के बहादुर जवानों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति गहरी श्रद्धा, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने जवानों के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और अटूट समर्पण की सराहना करते हुए उनके सुरक्षित, सुखी और सफल जीवन की मंगलकामनाएं दी। इस अवसर पर बीएसएफ के वीर जवानों ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा और सतत तत्परता का संकल्प पुनः दोहराया। यह आयोजन भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक सरोकार का एक प्रेरणादायी उदाहरण सिद्ध हुआ, जिसने समाज और सुरक्षा बलों के बीच विश्वास, अपनापन और आपसी जुड़ाव को और मजबूत किया।

## जिला अतिथि शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कापसी।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में वर्ष 2016 अतिथि शिक्षक द्वारा व्याख्याता की स्वीकृत पदों पर नियमित व्याख्याता समान अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे, परंतु नियमित नहीं किया गया है, जिसकी मांग इनके द्वारा लगातार किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को शासकीय कन्या उमावि छोटे कापसी में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी से मिलकर कोयलीबेड़ा के अतिथि शिक्षकों ने नियमितकरण करने का मांग पत्र सौपा। अतिथि शिक्षक संघ के जिला प्रतिनिधि मंडल के सदस्य द्वारा कापसी स्कूल में अतिथि शिक्षिका किरण तिवारी, दीपिका राय, पुजा दास ने मुलाकात कर अपनी मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्यों के मांगों पत्र से अवगत कराया। बातों को ध्यान से सुनते हुए विधायक ने आश्वासन दिया कि आप सभी का कार्य सराहनीय है। आप सभी निरंतर कार्य में लगे हुए हैं। आपकी मांगों के संबंध में हम मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए यथा संभव नियमानुसार जो भी उचित हो उसे पूरा करने कोशिश किया जाएगा। अतिथि शिक्षिका किरण तिवारी ने बताया कि जहां कहीं भी अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं, वहां पर नियमित शिक्षकों की भर्ती सभी कार्य शुरू से करते आ रहे हैं जैसे कक्षा शिक्षक, आईसीटी प्रशिक्षण, चुनाव निर्वाचन, एनएसएस प्रभारी, छात्रवृत्ति प्रभारी, बोर्ड परीक्षा कार्य आदि कार्य किया जा रहा है। सरकार हमारी ज्वलंतशील समस्या के प्रति गंभीर नही है।



## सरस्वती योजना की सायकिलें बांदे की छात्राओं को दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकिल योजना के तहत दूर-दराज के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। बांदे के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा 9वीं की 59 छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनकी स्कूल आने-जाने की राह अब और भी आसान हो गई है।

इस कार्यक्रम में छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी, वहीं उनके माता-पिता ने भी सरकार की इस पहल की सराहना किया। इस योजना से न सिर्फ छात्राओं का समय बचेगा, बल्कि उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा सकेगा। सुनीता मंडल और अन्य अतिथियों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें खूब मेहनत करने और अच्छे से पढ़ाई करके अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति की अध्यक्षा सुनीता मंडल उपस्थित रहीं। उनके साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष रतन हालदार, भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष आशिमा साहा, महामंत्री नीलकमल मंडल, मंत्री बिशोरानी दीवान, महिला समिति की झरना ब्रह्मा और सागरिका सिकदार, प्राचार्य कृपा, सिंधु घरामी, प्रधान पाठक टीके राय, थाना प्रभारी मनीष नेताम, उप निरीक्षक देवनारायण बंजारे, महिला सिपाही जागेश्वरी सलाम और पुष्पांजलि पटेल उपस्थित रहें।

## आत्मानंद विद्यालय हरनगढ़ में वितरित की गई साइकिल

**पखांजुर।** सरस्वती सायकिल योजना के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ कक्षा 9 वीं के 44 छात्राओं को विधायक विक्रम उसेंडी की उपस्थिति में साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री मोनिका साहा, शाला प्रबंधन समिति एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़, शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष गोपाल ब्रह्मचारी, दीपांकर दत्ता, बिमल साहा, जनपद उपाध्यक्ष मंजू सरदार, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अमिताभ सरकार, प्राचार्य श्यामल चंद्र डे, अन्य सभी शिक्षक एवं पालक गण उपस्थित रहे।









## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन, किया पौधारोपण



**कांकेर।** शासकीय हाईस्कूल सरोना में मेरा युवा भारत कांकेर माय भारत के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता और पौधारोपण किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शासकीय हाईस्कूल सरोना के प्राचार्य जितेंद्र तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। मेरा युवा भारत कांकेर के सदस्यों ने भी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम स्थान प्राची नेताम, दूसरा स्थान दीपाली साहू, तृतीय स्थान दीक्षा साहू जिससे छात्रों में उत्साह और बढ़ गया। इस अवसर पर छात्रों ने पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शपथ ली कि वे पेड़ों की देखभाल करेंगे और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना था। छात्रों ने इस कार्यक्रम से बहुत कुछ सीखा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा. कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश प्रकाश नेताम व्याख्याता, भूपेंद्र सिन्हा व्याख्याता, अंकिता साहू, भावेश साहू, दामिनी साहू का सहयोग प्राप्त हुआ।

## विश्व आदिवासी दिवस पर सरोना स्कूल में हुई स्पर्धाएं

**सरोना।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय पीएमश्री बालक प्राथमिक शाला सरोना में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिनमें निबंध लेखन, चित्रकला, भाषण, लोकनृत्य आदि गतिविधियां शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विरासत के प्रति अपनी समझ और सम्मान भी प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता का संचार हुआ। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर चयनित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक रहा। इस अवसर पर शाला के प्रधान अध्यापक धनेश नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व आदिवासी दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि यह दिन हमारी आदिवासी विरासत को समझने और संरक्षित करने का अवसर है। सहायक शिक्षक कमल रामटेक, मनीषा साहू तथा रूपा ठाकुर व अन्य उपस्थित रहें।





**खबर संक्षेप**

## पेंशनर समाज की बैठक में समस्याओं पर की चर्चा



**चारामा।** पेंशनर कर्मचारियों की मासिक बैठक वाचनालय भवन में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य स्तर के पेंशनर नियमों में जो संशोधन हुआ, रायपुर में कार्यालय की स्थापना, पेंशनरों की समस्याओं का समाधान, सतत पोस्टकार्ड प्रेषित एवं पेंशनरों की समस्याओं का समाधान के लिए अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर के द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने के लिए प्रस्ताव पारित कर सभी पेंशनरों को 15 अगस्त के दिन ध्वजारोहण में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्णय हुआ। बैठक में वर्तमान में हुए सेवानिवृत कर्मचारियों से संपर्क कर सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, एस नागराज, मनराखन मरकाम अन्य सेवानिवृत कर्मचारी यशवंत यदु, यशवंत सिन्हा, शिव प्रसाद नेताम, विश्व भरत तारम, भोजराम सिन्हा, जोहत राम कश्यप, खूब लाल यदु, रमेश कुमार टांडिया, राम गुरु पंचायत, गंभीर नेताम, विश्राम नरेटी, लाखन सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

## वीर जवानों को राखी बांधकर मनाया रक्षा बंधन का त्योहार



**दुर्गूकोंदल।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोड़ेकुसे के बच्चों ने प्रत्येक जवानों को पहले तिलक और अक्षत लगाकर आरती एवं पुष्प छिड़ककर मिठाई खिलाई फिर कलाई पर छात्रों ने रक्षा सूत्र बांधा। देश की रक्षा करने के चलते रक्षा बंधन में देखा गया कि हमरे जवान अपनी बहनों से रखी बंधवाने घर नहीं जा पाते। उनकी कलाई कही सुनी ना रहे इसलिए नन्हे बच्चों ने राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया। जवानों ने राखी बंधवाकर भाई बहनों के अटूट रिश्ते के महत्व को इस त्योहार के मध्यम से समझाया एवं बच्चों को निरंतर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर शिक्षकगण एवं कोड़ेकुसे के जवान उपस्थत रहे।

## महिलाओं ने सावन झूला उत्सव का लिया आनंद



**चारामा।** ग्राम पंचायत सराधुनवागांव के आश्रित ग्राम रतेसरा में सरपंच कलिता गोटी के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं के साथ शिव पार्वती छायाचित्र पर पूजा कर सावन झूला महोत्सव मनाया गया। झुला के आनंद के साथ विभिन्न खेलो का भी महिलाओं ने आनंद लिया। सभी महिलाओं ने अपने बचपन के दिनों को भी याद कर खूब मजा किए। यह सावन झूला महोत्सव प्रति वर्ष सावन माह में मनाते आ रहे हैं।

## जूनियर रेडक्रास सोयाइटी की छात्राओं ने बांधी राखी



**दुर्गूकोंदल।** एक राखी सैनिकों के नाम के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा के जूनियर रेड क्रास सोयाटासी के बैनर तले प्राचार्य कुमुद ध्रुव के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी दमकसा के पुलिस जावानो को जूनियर रेड क्रास सोयाटासी के छात्राओं के द्वारा राखी बांधी। यहां क्षण हमारे लिए प्रेरणा दायक है। इस अवसर पर पुलिस चौकी दमकसा के प्रभारी थाना स्टॉप श्रद्धा ठाकुर, ललिता सिंहा, राजेश्वरी मंडावी, घनश्याम कोटंगा, योगेश्वर गावड़े एवं स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### कार्यक्रम में 800 से अधिक महिलाएं पहुंचीं व मेहंदी लगवाई

# विधायक आशाराम ने जन्मदिन के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए कराया मेहंदी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

रक्षाबंधन से एक दिन पहले विधायक आशाराम नेताम ने क्षेत्र की महिलाओं के लिए मेहंदी लगाने कार्यक्रम आयोजित किया। शहर के नए कम्युनिटी हाल में आयोजित कार्यक्रम में 800 से अधिक महिलाओं ने पहुंच मेहंदी लगवाई। मेहंदी लगाने रायपुर से 25 लोगों की टीम पहुंची थी। टीम के सदस्य बेहद तेजगति से सुंदर मेहंदी लगा रहे थे।

■ भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

विधायक आशाराम नेताम के जन्मदिन के अवसर पर 7 अगस्त को नए कम्युनिटी हाल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। दूसरे दिन 8 अगस्त को रक्षाबंधन के पूर्व मेहंदी शिविर का आयोजन किया गया। मेहंदी शिविर का आयोजन कांकेर शहर में पहली बार हुआ। शिविर सुबह 11 बजे शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलता रहा। रायपुर से पहुंची टीम ने 824 महिलाओं के हाथों में निशुल्क मेहंदी लगाई। मेहंदी शिविर का शुभारंभ भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर किया गया। पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, नरहरपुर जनपद सदस्य शिल्पा साहू, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रमशीला साहू ने शिविर का शुभारंभ किया। शाम 5.30 बजे तक 800 महिलाओं के हाथों में मेहंदी लग चुकी थी। मेहंदी लगाने महिलाओं का आनलाईन पंजीयन किया जा रहा था। पंजीयन के बाद महिलाओं को टोकन दिया जा रहा था। टोकन लेकर ही महिलाओं के हाथों में सुंदर मेहंदी लगाई जा रही थी। मेहंदी शिविर के लिए 6 जुलाई से पंजीयन शुरू हुआ था। शिविर में महिलाओं के साथ बच्चों में भी मेहंदी लगवाने को उत्साह दिखा। शिविर में कांकेर विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, अशोक राठी, राजीव लोचन सिंह, रोशन साहू, ईश्वर कावड़े, उत्तम जैन उपस्थित रहे।





**जन्मदिन पर होगी भजन संध्या**

विधायक आशाराम के जन्मदिन 9 अगस्त के अवसर पर सायं 9 बजे अंगना विधायक कार्यालय बेवरती कांकेर में जय माँ विंध्यवासिनी बालिका मानस परिवार ग्राम बोडरा धनेली गुरूर जिला बालोद की बहन मिथलेश्वरी सेन का भजन संध्या में भजन प्रस्तुत करेंगी।

शिविर में पहुंची ग्राम कोकपुर की प्रीति साहू, शीतलापारा की रेखा रजक, त्रिवेणी साहू, लीना साहू, राजापारा वार्ड के शीतल पंसारी ने कहा कि इस तरह का मेहंदी कार्यक्रम पहली बार कांकेर में हुआ है। काफी अच्छा आयोजन है। एसे आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए। शहर के न्यू कम्युनिटी हाल में मेहंदी लगाने रायपुर के आस्था ग्रुप को आमंत्रित किया गया था। ग्रुप की प्रभारी आस्था चौहान सहित मोनिका, गणेश, चमन, पुष्पा, रोजल, विशा, दीपा, दिव्या, मानसी, वंशिका, ज्योति ने मेहंदी लगाई। साथ ही विधायक आशाराम नेताम की मां देवकुंवर नेताम, पत्नी सुरेखा नेताम ने भी मेहंदी लगवाई। ग्रुप की प्रभारी आस्था चौहान ने बताया शिविर में मेहंदी लगवाने युवतियों, महिलाओ के साथ बच्चों में भी काफी उत्साह दिखा। ग्रुप के सदस्य मेहंदी लगाने छत्तीसगढ़ में विभिन्न जगह के साथ विशाखापट्नम, दिल्ली, उड़ीसा भी जा चुके हैं।

## पुलिस बल के जवानों को स्कूली छात्रों ने बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 2 से 8 अगस्त तक के कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा तिरंगा राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। पुलिस थाना कोरर में पुलिस बल के जवानों को बच्चों के द्वारा जाकर राखी बांधा गया।

ग्राम पंचायत कोकानपुर अंतर्गत प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और हाई स्कूल की छात्रों के द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस थाना कोरर का भ्रमण किया, जिसमें थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता के द्वारा सभी का आत्मीय स्वागत किया गया एवं अपने थाना में संचालित विभिन्न गतिविधियों से बच्चों को अवगत कराया तथा बच्चों को मार्गदर्शन दिया उन्होंने थाने का नंबर भी सभी को उपलब्ध कराया और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों से तुरंत अवगत कराने कहा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत संपर्क करने कहा गया। बच्चों ने अपने मन में उठ रहे प्रश्नों को पूछा जिसका सरलता पूर्वक जवाब दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोकानपूर सरपंच कली राम ऊईके, उपसरपंच योगिता राघवेंद्र राजपूत, ग्राम पटेल व एसएमसी अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी एवं हाई स्कूल कोकानपुर प्राचार्य शेखर महलवार, व्याख्याता जयश्री कावड़े, अनामिका साहू, हलाली कुदराम, दोगेन्द्र सिंह कश्यप, करुणा देहारी, सविता जैन, पूर्णिमा मंडावी, अनीता जैन, पूर्णिमा साहू व अन्य उपस्थित रहें।

## तिरंगा अभियान यात्रा को लेकर भाजपा कोरर मंडल की बैठक में रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

कोरर में मोर तिरंगा, मोर अभियान तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम को बूथ लेबल तक मनाने को लेकर रणनीति तैयार किया गया। मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम के तहत कोरर में 7 अगस्त को आयोजित बैठक में मंडल प्रभारी टिकेश्वर जैन ने 10 अगस्त से 14 अगस्त तक के कार्यक्रमों को कार्यकर्ताओं के समक्ष विस्तार से रखा, जिसमें देश के लिए कुर्बानी देने वाले महापुरुषों के प्रतिमाओं की साफ सफाई अभियान मंडल से लेकर बूथ तक तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा फहराने जैसे महत्वपूर्ण जानकारी कार्यकर्ताओं को दिया। तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक सतीश लटिया ने भी कहा कि तिरंगा यात्रा अब स्कूल और सरकारी दफ्तरों तक ही नहीं अपितु देश के हर नागरिक को तिरंगे पर गर्व होनी चाहिए इस बात के अवगत कराया उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सिर्फ पार्टी तक ही नहीं, अपितु राष्ट्र सेवा में भी समर्पित रहता है। मंडल प्रभारी व भाजपा जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने भी अपने विचार रखे। मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप जी ने स्वागत उद्बोधन करते हुए मंडल की रूपरेखा को प्रभारी के समक्ष अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री जय शिवना और आभार महामंत्री नरेंद्र शर्मा ने किया। आयोजित कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य रमेश दुगा, मंडल उपाध्यक्ष झाड़ू राम मांडवी, थान सिंह साहू,चौथ उयके, संतोषी ठाकुर, भारती कोर्राम, मनीषा कुलदीप, दशरथ यादव, कोषाध्यक्ष रोहित साहू, उत्तम सिन्हा, अग्रहित साहू, कुलेश्वर नेताम, योगेश कोमरा, ईश्वर यदु , शंकर निर्मलकर, बाल सिंह उयके, रमेश, सेवक गावडे, मुकेश साहू, मिथिलेश्वरी सोरी, सुरेंद्र हिचामी, गुलशन परिहार एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## स्वास्थ्य सेवा सुचारू करने के लिए सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे मरीज काफी परेशान रहते हैं। स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो चुकी है, जिसको सुचारू रूप से सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कांग्रेस नेताओं के द्वारा ज्ञापन सौंप गया। हाल ही के दिनों में मधुमक्खी के काटने से हाहालद्दी के एक व्यक्ति का मृत्यु हो गया। कांग्रेस कमेटी द्वारा मांग किया गया है कि स्वास्थ्य सुविधा जल्द ही बहाल नहीं हुई तो आने वाले दिनों में धरना प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शॉपसिंह आंचला, रजमन कवाची, नरेंद्र जैन, महेश दुग्गा, सियाराम दर्रो, उदय पुरामें, करण मांझी, दीनदयाल पटेल, जीवन उईके, सूकचंद प्रजापति, तोरण दुग्गा, एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## शराब का अवैध परिवहन, 14 लीटर बरामद, चार कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



असमाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार नागरिकों से संपर्क स्थापित कर शहर में गश्त के दौरान एवं मुखबीर से जानकारी मिलने पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। पुलिस ने चार कोचियों से 14 लीटर शराब जप्त करते हुए आरोपियों पर कार्यवाही किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी लारगांव मरकाटोला निवासी सुदर्शन मरकाम पिता रामप्रसाद मरकाम के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त किया गया, जो गांव में शराब बेचने के लिए परिवहन कर रहा था। आरोपी से जप्त शराब की कीमत 2000 रूपएं है। आरोपी पीढ़ापाल निवासी 31 वर्षीय भुनेश्वर जैन 5 नग हायवर्ड कीमत एक हजार रूपएं को पीने के लिए ले जा रहा था, जिसे पुलिस ने दबोचा। आरोपी हाटकोंगेरा निवासी 43 वर्षीय विवेक कुमार दर्रो पिता स्व. जगन्नाथ दर्रो के कब्जे से 13 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1 हजार 40 रूपएं जप्त किया गया। उक्त आरोपी गांव में शराब बेचने के लिए परिवहन करते हुए पकड़ाया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान यादव होटल भण्डारीपारा कांकेर के पास शराब सेवन करते हुए आरोपी पीढ़ापाल निवासी राजकुमार सिन्हा पिता राजेन्द्र सिन्हा को दबोचा गया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय कांकेर में पेश किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक प्रेमप्रकाश अवधिया, प्रभारी अजाक निरीक्षक राम कुमार साव के नेतृत्व में उपनिरी सुरेन्द्र मानिकपुरी, मनोरथ जोशी, रामेश्वर चतुर्वेदी, मप्रआर हितेश्वरी चेलक, प्रधान आरक्षक कृष्णा यादव, ओमप्रकाश कृषान, जीवधन यादव, गीतेश्वर कुलदीप, मनीराम भोई, आरक्षक शक्ति सिंह, दुर्गेश सोनवानी एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम आरक्षक देवेन्द्र मंडावी, अमर नेताम का अहम भूमिका रहा।

## मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन में साफ-सफाई की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

अंचल के सभी स्कूलों में मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालकों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम के गणमान्य नागरिकों शिक्षाविदों, सेवानिवृत्त शिक्षकों विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियाँ को आमंत्रित किया गया था। सम्मेलन में विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन, आय जाति निवास प्रमाण पत्र के साथ ही हर घर तिरंगा अभियान, एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम तथा स्वच्छता व्यवस्था की जानकारी दी गई।

मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन में पालकों से विद्यालय विकास के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए एवं समस्याओं के समाधान के लिए संकल्प लिया गया। ग्राम उडकुडा में माध्यमिक शाला प्रांगण में जनपद प्राशा उडकुडा एवं माशा उडकुडा का संयुक्त पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मोहन जायसवाल एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक विष्णु शोरी के सौजन्य से कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए व विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों, उत्तम अनुशासन, उत्तम आचरण के लिए बालक बालिकाओं को उपहार देकर सम्मान भी किया गया। बच्चों के साथ-साथ सभी पालकों ने सुस्वादु न्यौता भोज आनंद लिया। कार्यक्रम में जानकी दर्रो, सेवक राम जुर्री, पंडित रविकांत शर्मा, भूपेन्द्र कुलदीप, नरसिंग साहू, रोशन साहू, रत्ना निषाद, अंजु साहु, रामदास निषाद, दीपा बघेल, देवनाथ कौसल, दीना यादव, संतोष निषाद, जशवंत पोता, बिरसिंग, मूरहा उसेण्डी, बिहारी, राजेन्द्र साहु, डुमेश साहु, साधु राम, मोभित, देवराज सहित पालक उपस्थित रहे।

## शाला स्तरीय मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

शासकीय अंग्रेजी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय नाकापारा चारामा में शाला स्तरीय मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य पालकों को विद्यालय की शैक्षणिक, नैतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराना तथा विद्यार्थियों की प्रगति पर विचार-विमर्श करना रहा।

आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली ढंग से मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेष अतिथि शिक्षाविद विनोद साहू की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष प्रेरणा मिली। सम्मेलन में शिक्षकगणों द्वारा विद्यार्थियों की मासिक प्रगति रिपोर्ट, अनुशासन, स्वच्छता, पोषण, सह-शैक्षणिक गतिविधियों आदि की जानकारी दी गई। पालकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना की और उपयोगी सुझाव भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया और अंत में सभी अतिथियों व पालकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए सम्मेलन का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानपाठक सुनीता वाल्मीकि एवं शशि ठाकुर ने पालकों से विद्यार्थियों के नियमित अध्ययन, नैतिक शिक्षा और विद्यालय से सतत जुड़ाव बनाए रखने का आग्रह किया एवं मधुमंगल साहू, अन्य सदस्यगण, पालकगण एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### कोदापाखा में हुआ पालक बालक व शिक्षक सम्मेलन

**दुर्गूकोंदल।** विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदापाखा में पालक बालक एवं शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष भगवान गावड़े, विशेष अतिथि के रूप में नागेश पाण्डेय उपस्थित रहें। सम्मेलन में शैक्षणिक गतिविधि की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की नियमित उपस्थित, घर में पढ़ाई लिखाई के लिए वातावरण तैयार करने पढ़ाई के लिए कमरा या कोना का चयन पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि द्वारा पालकों से आग्रह किया गया कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। घर पर भी बच्चों के लिए पढ़ने के लिए आग्रह करें, जिससे वह अपने परिवार का एवं विद्यालय का नाम रोशन करें। सम्मेलन में विद्यालय के शिक्षक पवन यादव, पवन नाग, रविंद्र कुमार मरसकोले, गेंद लाल साहू, संतोषी रावटे, विनीता वट्टी, कुमारी डोमेश्वरी राना व अन्य उपस्थित रहें।



## पालक शिक्षक सम्मेलन बच्चों केउज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शिक्षक का पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की समावनाओं का आकलन कर समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रवास करने के लिए पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन पहाड़ी पर स्थित शाउमावि तरान्दुल में किया गया।

प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों के शारीरिक - मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत हों, जिससे बच्चों को सतत प्रेरणा एवं सही समय पर उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत संगीता गोटा ने शिक्षा की गुणवत्ता एवं बच्चों को निरंतर उपस्थिति देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच रामेश्वर कोर्राम ने छात्र छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल आने और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्व सरपंच फगनू राम कावड़े ने कहा कि शासन के द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ हर ग्रामीणों को पलकों को एवं छात्राओं को लेना चाहिए जिसमें पाठ्य पुस्तक योजना साइकिल योजना और प्रतिदिन स्कूल आने कहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को नेवता भोज के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमें कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र छात्राओं एवं ग्रामीण जनों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर राजेंद्र रावटे, कुसुमलता रंगारे, डिकेश साहू, एवन देवांगन, मोहनलाल, देवलाल मानकर, नासिर मोहम्मद ठाकुर, राम कुल्हारे, भरत शर्मा, डिकेश नाग, प्रदीप कुमार सेन ने व अन्य उपस्थित रहें।




जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
सरल-सहज एवं कर्मठ व्यक्तिव के धनी, सबके चहेते,
युवाओं के प्रेरणास्त्रोत कांकेर के विधायक
श्री आशाराम नेताम जी
आपको 45वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई..! शुभकामनाएँ..!
09 अगस्त
सचिन गिडलानी
सन्नी खटवानी
सुमित पंजाबी
मनीष केशवानी
रोहित मोटवानी
आकाश मंगलानी
प्रंशात खटवानी


जीवेत शरदः शतम्
कांकेर विधानसभा के यशस्वी एवं लोकप्रिय विधायक
आदरणीय श्री
आशाराम नेताम जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
09 अगस्त
विनीत : एक शुभचिंतक


जीवेत शरदः शतम्
09 अगस्त
विधानसभा कांकेर के लोकप्रिय विधायक सम्मानीय
श्री आशाराम नेताम जी
को 45वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
समस्त क्षेत्रवासियों को विश्व आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनोद रावटे
सरपंच ग्राम पंचायत तालाकुर्रा
गौतम गवार
अध्यक्ष ग्रामसभा
जोगीराम नुरेटी
ग्राम पटेल
संजय जैन
अध्यक्ष ग्राम विकास समिति
जितेन्द्र साहू
उपसरपंच ग्राम पंचायत तालाकुर्रा
पूरन लाल साहू
पंच
इंद्रावती कांवडे
पंच
तनु हिचामी
पंच
सगुना नरेटी
पंच
सुमित्रा नुरेटी
पंच
धनेश्वरी रावटे
पंच



## विहप और बजरंग दल के प्रदेश संयोजक का नगर में स्वागत

**धनेलीकन्हार।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रदेश संयोजक शुभम नाग को नियुक्त किए जाने के पश्चात धनेलीकन्हार में प्रथम आगमन पर भाजपा मंडल धनेलीकन्हार द्वारा भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जनपद सदस्य पंचुराम नायक, मंडल महामंत्री देवेंद्र यदु, जनपद सदस्य नितेश सलाम, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोती राम नाग, कोषाध्यक्ष हेमलाल गढ़िया, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अंकित टावरी, सानू साहु, मंत्री किशन भुअर्या, रमेश साहू, व्यास साहु, कृष्ण साहू, किरण दर्रो, सरपंच मधु विजय व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# मोर तिरंगा मोर अभिमान के लिए भाजपा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा और मोर तिरंगा, मोर अभिमान अभियान के अंतर्गत यादव समाज भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।




बैठक में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री बृजेश चौहान तथा सहप्रभारी अनूप राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष डीगेश खापर्डे ने किया। मोर तिरंगा, मोर अभिमान कार्यक्रम के संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, साथ ही कार्यक्रम के आयोजन व संचालन में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, पूर्व मंडल महामंत्री ज्वाला जैन और मंडल मंत्री अनिता रावटे भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जो अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने हेतु सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा और राष्ट्रभक्ति का वातावरण पूरे क्षेत्र में गूंजेगा। बैठक में भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे, जिनमें मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, राजीव श्रीवास, मंडल उपाध्यक्ष योगेश सोनवानी, चैतूराम आचला, ढालन सिंह राणा, सरिता जोशी मंडल मंत्री जितेन्द्र पांडे, कौशल्या उइके पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन, पार्षद राजकुमार यादव, प्रेम विश्वकर्म, वाल्मीकि पुजारी, बोधन दास मानिकपुरी, रमेश कुमार, नारद राम कवाड़े, कुशल राम कवाड़े, हेमप्रकाश शिवहरे, लक्ष्मण कुलदीप, संकेत नसीने, सचिन दुबे, सोहन कोमरा, हेम सोनवानी, दीपांकर मजूमदार, हरि यादव, राहुल सिंह, जागेश्वर नरेटी और राजेन्द्र जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

